RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : मंगलवार 12 नवंबर 2024 | वर्ष 06 | अंक 213 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

मतदान केंद्र में मोबाइल फोन, हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर...



Page - 4

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव:

# 'उद्धव ठाकरे गुट को नहीं मिलेंगे मुस्लिम वोट'

**सीएम एकनाथ शिंदे ने किया बड़ा दावा...**



**छत्रपति संभाजीनगर:** सीएम शिंदे ने शिवसेना उम्मीदवार रमेश बोरनारे के लिए वैजापुर में एक रैली को संबोधित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि जाति-आधारित राजनीति के बजाय पार्टी का सामुदायिक सेवा पर ध्यान केंद्रित करना औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में पार्टी की जीत का कारण था। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार को शिवसेना (यूबीटी) के लिए बढ़ते समर्थन के दावे को खारिज कर दिया। साथ ही कहा कि शिवसेना (यूबीटी) के पक्ष में बढ़ रहा मुस्लिम वोट जल्द ही बिखर जाएगा। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आरोप लगाया कि ''उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेन (यूबीटी) का चुनाव चिन्ह 'मशाल' घरों को आग लगाने और समुदायों के बीच दरार पैदा करने का माध्यम है। सीएम शिंदे ने कहा कि ''शिवसेना (यूबीटी) के लोग मशाल को क्रांति का प्रतीक कहते हैं। लेकिन उनकी मशाल घरों को जला देती है और समुदायों के बीच दरार पैदा करती है। उनके पक्ष में बढ़ रहा मुस्लिम वोट जल्द ही बिखर जाएगा।''

**उद्धव ठाकरे की सरकार में नहीं मिला पैसा**

एकनाथ शिंदे ने दावा किया कि मराठवाड़ा क्षेत्र के विधायकों को 2019 जब एमवीए सरकार सत्ता में आई के बाद 2.5 वर्षों के दौरान अपने निर्वाचन क्षेत्रों के विकास के लिए एक भी रुपया नहीं मिला था। लेकिन महायुति की सरकार बनने के बाद इस क्षेत्र में विकास के काम हुए है। बता दें कि इसी साल मई में हुए लोकसभा चुनाव में महा विकास अघाड़ी ने मिलकर चुनाव लड़ा था। महा विकास अघाड़ी में कांग्रेस के साथ शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र प्रवार) और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) शामिल है।

# मुंबई के गोराई बीच के पास सात टुकड़ों में मिला शव!



**मुंबई:** मुंबई के गोराई बीच के पास सोमवार को एक व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव एक प्लास्टिक बैग में सात टुकड़ों में मिला, मुंबई पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। शव को एक प्लास्टिक बैग से बरामद किया गया और मृतक की उम्र 25 से 40 वर्ष के बीच बताई जा रही है और उसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।यह घटना तब प्रकाश में आई जब एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी कि घटनास्थल से दुर्गंध आ रही है।

जब पुलिस मौके पर पहुंची तो उसने देखा कि व्यक्ति का शव सात टुकड़ों में कटा हुआ था और चार प्लास्टिक बैग में रखा हुआ था। मुंबई पुलिस को प्लास्टिक बैग में व्यक्ति के शरीर पर कपड़े और हाथ पर एक टैटू मिला है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मौत के कारणों का पता लगाने और जिम्मेदार व्यक्ति की पहचान करने के लिए जांच जारी है।

पुलिस उपायुक्त (जोन-11) आनंद भोइते ने बताया कि पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत एक अज्ञात हत्यारे के खिलाफ हत्या और सबूत नष्ट करने का मामला दर्ज किया है। स्थानीय अपराध शाखा इकाई ने भी समानांतर जांच शुरू कर दी है। मृतक व्यक्ति की पहचान सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय पुलिस ने आस-पास के पुलिस थानों से संपर्क करना शुरू कर दिया है ताकि पता लगाया जा सके कि मृतक व्यक्ति के विवरण से मिलते-जुलते हाल ही में कोई गुमशुदगी की शिकायत दर्ज की गई थी या नहीं।

पत्नी और पिता के अपमान से नाराज होकर एक युवक ने पड़ोसी की हत्या कर दी। यह घटना पनवेल में घटी। मोरबे गांव में शव मिलने के बाद पनवेल तालुका पुलिस स्टेशन में केस दर्ज हुआ था। मामले की जांच के दौरान आरोपी को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया। मृतक याकूब खान (60) दो दिन से लापता थे। 29 अक्टूबर को मोरबे गांव में उनकी लाश बरामद हुई। क्राइम ब्रांच यूनिट 2 के वरिष्ठ निरीक्षक उमेश गवली, सहायक निरीक्षक प्रवीण फडतरे की टीम को पता चला कि याकूब को श्रीकांत तिवारी के साथ देखा गया था। हत्या के बाद तिवारी फरार हो गया था। बताया जा रहा है कि याकूब ने श्रीकांत की पत्नी और पिता का अपमान किया था।

# मुंबई: सोने की स्मलिंग के आरोप में एयरपोर्ट के स्टाफ मेंबर गिरफ्तार




**मुंबई:** एयरपोर्ट पर सोने की तस्करी से जुड़ी काफी खबरें सामने आती रहती हैं। कोई पेट में छिपाकर सोना लाता है तो कोई शरीर के दूसरे हिस्से में छिपाकर। जब भी तस्कर पकड़े जाते हैं, वे ज्यादातार यात्री ही होते हैं। ऐसे यात्री जो सोने की तस्करी करके लाते हैं। लेकिन क्या होगा कि तस्करी को अंजाम एयरपोर्ट के स्टाफ की ओर से दिया जाए। वह भी बिना कोई सफर किए।

ऐसा ही मामला मुंबई एयरपोर्ट पर सामने आया है। यहां के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट से स्टाफ के दो सदस्यों को राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने गिरफ्तार किया है। इन पर सोने की तस्करी का आरोप है। सबसे खास बात यह है कि इन्होंने यह तस्करी बिना किसी सफर के की। इन दो सदस्यों में एक महिला है। महिला से 3 किलो से ज्यादा सोना बरामद हुआ है। इसकी बाजार में कीमत ढाई करोड़ रुपये से ज्यादा है।

11 नवंबर की रात से इतिहास बन जाएगा विस्तारा का सफर, 12 नवंबर से एयर इंडिया के बेड़े से टेक ऑफ होंगी फ्लाइट जिन दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है, उनमें एक ग्राउंड हैंडलिंग स्टाफ मेंबर है। वहीं दूसरी आरोपी महिला है। यह एयरपोर्ट पर कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव है। डीआरआई अधिकारियों को जानकारी मिली थी कि एयरपोर्ट पर सोने की तस्करी होनी है। अधिकारियों ने सोने की तस्करी में शामिल होने के संदेह में एक महिला कर्मचारी को एयरपोर्ट के एग्जिट गेट पर रोका। यह महिला सेलेबी एनएएस एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की कर्मचारी है। जब उस महिला की तलाशी ली गई तो उसके पास से पेस्ट के रूप में 3350 ग्राम (3.35 किलो) सोने से भरे दो पैकेट बरामद हुए। इनकी कीमत करीब 2.67 करोड़ रुपये है। इस सोने को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के तहत जब्त कर लिया है। दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

## संपादकीय...



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## फेडरल रिजर्व की भविष्य की राह

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डॉनल्ड ट्रंप की निर्णायक जीत ने वहां के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की भविष्य की राह तथा वैश्विक अर्थव्यवस्था पर उसके असर को लेकर अनिश्चितता बढ़ा दी है। उम्मीद के मुताबिक ही फेड की फेडरल ओपन मार्केट कमेटी ने गत सप्ताह फेडरल फंड की दरों में 25 आधार अंकों की कमी करने का निर्णय लिया। अमेरिकी केंद्रीय बैंक ने सितंबर में 50 आधार अंकों की कटौती के साथ दरें कम करनी शुरू कर दी थीं। वर्ष 2022 में तकरीबन दो अंकों में पहुंच गई मुद्रास्फीति की दर से निपटने के क्रम में फेड ने नीतिगत ब्याज दर को दशकों के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंचा दिया था। हालांकि हाल के महीनों में मुद्रास्फीति की दर में काफी कमी आई है लेकिन वह मध्यम अवधि के दो फीसदी के लक्ष्य से ऊपर है। बहरहाल, फेड ने इस उम्मीद में नीतिगत ब्याज दरों में कमी करनी शुरू कर दी कि मुद्रास्फीति बहुत जल्दी लक्ष्य के साथ सुसंगत हो जाएगी। एफओएमसी की सितंबर की बैठक के बाद जो अनुमान जारी किए गए उनके मुताबिक केंद्रीय बैंक से उम्मीद की गई थी कि वह दिसंबर की बैठक में भी नीतिगत दरों में कटौती करेगा और उसके बाद 2025 में भी एक फीसदी की कटौती की जाएगी। दरों में किस हद तक कटौती की जाएगी यह हमेशा बहस का विषय रहता है।

कुछ अर्थशास्त्री कह चुके हैं कि महामारी के बाद तटस्थ दर में उल्लेखनीय इजाफा हुआ है और ट्रंप की जीत के बाद नए सिरे से संदेह उत्पन्न हुए हैं। कुछ बाजार प्रतिभागियों का मानना है कि फेड शायद दिसंबर में दरों में कटौती न करे। यह बात ध्यान देने लायक है कि जहां फेड ने मध्य सितंबर के बाद से नीतिगत ब्याज दरों में 75 आधार अंकों की कमी की है, वहीं 10 वर्ष के अमेरिकी बॉन्ड पर प्रतिफल इसी अवधि में 70 आधार अंक तक बढ़ा है। बाजार आम तौर पर इस तरह व्यवहार नहीं करते हैं। ट्रंप की जीत के बाद जब शेयर कीमतें बढ़ीं, बॉन्ड दबाव में थे। इससे पता चलता है कि उनकी नीतियां बाजार को किस तरह प्रभावित करेंगी। अन्य चीजों के अलावा उनका इरादा टैरिफ में तीव्र इजाफा करने का भी है, खासतौर पर चीन से आने वाली वस्तुओं पर। वह करों में भी कमी करेंगे। उच्च टैरिफ और कर कटौती से अमेरिकी कंपनियों को लाभ होगा लेकिन इससे मुद्रास्फीति और बजट घाटा दोनों बढ़ेंगे। इससे पता चलता है कि डेट और इक्विटी बाजार की स्थितियां कितनी अलग हैं।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 99877 75650
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE
COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# मानखुर्द इलाके में 2 साल की बच्ची से सौतेले पिता ने कथित तौर पर बलात्कार किया... बेरहमी से हत्या!



**मुंबईः** मुंबई के मानखुर्द इलाके में 2 साल की बच्ची के साथ उसके सौतेले पिता ने कथित तौर पर बलात्कार किया और उसकी बेरहमी से हत्या कर दी।इस घटना से इलाके में हर कोई हैरान है। सूचना मिलने पर मुंबई पुलिस ने तलाश शुरू की और आरोपी 23 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। वह एक टेंपो चालक है। पुलिस के मुताबिक, घटना गुरुवार को हुई और अगले दिन आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि बच्ची की मां घरों में काम करती है और अपने पहले पति से अलग होने के बाद उसने आरोपी से शादी कर ली थी। वे एक चॉल में किराए के मकान में रह रहे थे।

घटना गुरुवार शाम को हुई जब बच्ची की मां काम पर गई हुई थी। पुलिस के मुताबिक, आरोपी व्यक्ति ने कथित तौर पर बच्ची को तब पीटा जब घर पर कोई नहीं था और उसने बच्ची का यौन उत्पीड़न किया। आरोप है कि आरोपी ने अपने अमानवीय कृत्य के दौरान बच्ची का मुंह बंद कर दिया और गला घोंटकर उसकी हत्या करने से पहले उसके प्राइवेट पार्ट में लकड़ी की वस्तु डाल दी।बच्ची की मौत के बाद आरोपी व्यक्ति ने खुद को बचाने के लिए एक कहानी गढ़ी। उसने अपनी पत्नी को फोन करके बताया कि लड़की पर लकड़ी का एक टुकड़ा गिर गया है और वह बेहोश पड़ी है।उसकी मां घर वापस आई और आरोपी के साथ लड़की को पास के सरकारी अस्पताल ले गई। अस्पताल में लड़की को मृत घोषित कर दिया गया,''एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा।

पुलिस को सूचित किया गया और जैसे ही महिला को अपने दूसरे पति पर शक हुआ, उसने अस्पताल में उससे झगड़ा किया। पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और उससे कड़ी पूछताछ की, जिसके दौरान उसने लड़की की हत्या करने की बात स्वीकार की, पुलिस ने कहा।एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आरोपी व्यक्ति बच्ची से नफरत करता था क्योंकि वह उसकी पत्नी के पहले पति की थी। उसने पुलिस को यह भी बताया कि वह लड़की को अपने और अपनी पत्नी के बीच एक बाधा के रूप में देखता था। इसलिए वह उससे निराश था और गुरुवार को उसने उसकी हत्या कर दी।

''आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया और उसे अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया है। जोन 6 के पुलिस उपायुक्त नवनाथ धावले ने कहा, ''हमने आरोपी को हत्या समेत अन्य आरोपों में गिरफ्तार किया है और मामले की आगे की जांच कर रहे हैं।'

# मुंबई में प्रदूषण के कारण हवा दिन पर दिन प्रदूषित होती जा रही है



**मुंबईः** मुंबई में भारी प्रदूषण के चलते अब धीरे-धीरे दिल्ली जैसा हाल होता जा रहा है। जो अब लोगों की स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनते जा रहा है। मुंबई में प्रदूषण के कारण हवा दिन पर दिन प्रदूषित होती जा रही है और लोगों का स्वास्थ्य का खतरा रोजाना और बढ़ता जा रहा है।

मुंबई में आज हवा का स्तर खराब चल रहा है। मुंबई की बात करें तो आज मुंबई में हवा एयर क्वालिटी इंडेक्स अदक 119 है, जोकि खराब की श्रेणी में आता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की माने तो हवा की गुणवत्ता के दिशा-निर्देशों के अनुसार मुंबई में इस समय अदक दी गई सीमा से 3.4 गुना अधिक है। देखा जाए तो मुंबई में अक्टूबर के आखिरी तक मुंबई की हवा खराब होने लगती है। सर्दियों के मौसम में वायु प्रदूषण का प्रभाव बहुत अधिक दिखाई देने लगता है। पिछले 24 घंटों की बात करें तो आखिरी बार जब अदक 105 अच्छा था वो समय शाम 4.01 बजे का था, जब हवा की गुणवत्ता अच्छी थी। इसके अलावा खराब हवा की बात करें तो मुंबई में पिछले 24 घंटों में सबसे खराब हवा सुबह 1.01 बजे था जब हवा की गुणवत्ता 145 थी। मुंबई में बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए ये हिदायत दी जाती है कि बाहर जाते समय ठ95 मास्क का उपयोग करना चाहिए। बांद्रा में छाई धुंध : महाराष्ट्र के मुंबई में छाई धुंध की चादर छा गई है। मुंबई में बांद्रा रिक्लेमेशन का दृश्य। इसके अलावा देश की राजधानी दिल्ली की बात करें तो दीवाली के बाद से लगातार राज्य की हवा खराब से खराब स्तर पर पहुंच रही है।

# धारावी में प्रचार के दौरान कांग्रेस और शिवसेना शिंदे गुट में झड़प भी हुई है जिसमें कई लोग घायल...



**मुंबई :** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी बढ़ गई है. हर पार्टी अपने उम्मीदवार को जिताने के लिए जमकर प्रचार कर रही है. बड़े-बड़े नेता महाराष्ट्र आकर अपनी-अपनी पार्टियों का प्रचार कर रहे हैं. चुनाव के चलते राज्य में आचार संहिता लागू है. इसलिए सभी प्रशासनिक और सुरक्षा प्रणालियां अलर्ट मोड पर हैं. इस बीच मुंबई के धारावी में कांग्रेस और एकनाथ शिंदे गुट के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए. बात इतनी बढ़ गई है कि कुछ कार्यकताओं के बीच में झड़प भी देखने को मिला है.

धारावी में कांग्रेस और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पार्टी शिवसेना के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए हैं. प्रचार के दौरान दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए. इस मौके पर दोनों तरफ से जमकर नारेबाजी हुई. उन्होंने एक दूसरे को धक्का भी दिया. झड़प इतनी बढ़ गई कि दोनों गुटों के कार्यकताओं के घायल होने की खबर है. ज्योति गायकवाड़ संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस से उम्मीदवार हैं. वहीं, एकनाथ शिंदे गुट ने राजेश खंडारे को मैदान में उतारा है. आरोप है कि शिंदे गुट के कार्यकताओं ने जयश्री राम के नारे लगाते हुए सांसद वर्षा गायकवाड़ के पति राजू गोडसे को भी धक्का दे दिया. इस घटना से धारावी में तनाव का माहौल देखा जा सकता है. घटना के बाद संबंधित इलाके में पुलिस सुरक्षा बढ़ा दी गई है. किसी भी दुर्घटना से बचने के लिए पुलिस सावधानी बरत रही है.

# कल्याण स्टेशन पर उपनगरीय लोकल ट्रेनों में लोको पायलट और अन्य ट्रेन क्रू को बदलने का दावा

**मुंबई** : कल्याण स्टेशन पर उपनगरीय लोकल ट्रेनों में लोको पायलट और अन्य ट्रेन क्रू को बदलने का दावा करते हुए सेंट्रल रेलवे (सीआर) ने पिछले सप्ताह एक आदेश जारी कर इस प्रथा को रोकने का आ''ान किया। लेकिन इस कदम से रेलवे कर्मचारी यूनियन और मोटरमैन नाराज हैं, जिनका कहना है कि अधिकारी देरी के लिए उन्हें दोषी ठहराने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि वे पहले से ही काम के बोझ तले दबे हुए हैं, जबकि सैकड़ों पद खाली पड़े हैं। उन्होंने जरूरत पड़ने पर आंदोलन शुरू करने की भी धमकी दी है।ट्रेन क्रू का कहना है कि अधिकारी देरी के लिए उन्हें दोषी ठहराने की कोशिश कर रहे हैं।



सामान्य प्रथा के अनुसार, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) से कसारा/कर्जत/खोपोली मार्ग पर सुबह और शाम के व्यस्त समय - सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे और शाम 4 बजे से रात 9 बजे के बीच - ट्रेनों को चलाने वाले लोको पायलटों को कल्याण में बदल दिया जाता है, और ऐसे बदलावों को दैनिक कार्यसूची में अधिसूचित किया जाता है, जिसे 'विवरण' भी कहा जाता है। लेकिन 6 नवंबर को जारी एक आंतरिक आदेश में, सीआर प्रशासन ने मोटरमैन से चालक दल के बदलाव को पूरी तरह से खत्म करके 'विवरण' को संशोधित करने का आग्रह किया।आईआईटी दिल्ली के डिजाइन थिंकिंग एंड इनोवेशन प्रोग्राम के साथ अपने करियर को बेहतर बनाएँ, अभी नामांकन करें!

आदेश में कहा गया है कि उत्तर और दक्षिण की ओर जाने वाली क्रमशः 71 और 75 लोकल हैं, जिनमें कल्याण में चालक दल में बदलाव किया गया है। आदेश में कहा गया है, ''इससे कल्याण प्लेटफॉर्म पर ऐसी ट्रेनों को अनावश्यक रूप से रोका जा रहा है और बाद की ट्रेनें रोकी जा रही हैं,''मोटरमैन से एक सप्ताह के भीतर या 13 नवंबर तक 'विवरण' को संशोधित करने का आग्रह किया गया।सीआर के एक अधिकारी ने बताया कि व्यस्त समय के दौरान, लोकल ट्रेनें आमतौर पर 5-10 मिनट देरी से चलती हैं। अधिकारी ने कहा, ''जिन मामलों में मोटरमैन में बदलाव होता है, दूसरे मोटरमैन को भीड़भाड़ वाले प्लेटफॉर्म से गुजरना पड़ता है, जिससे सेवाओं में 5-7 मिनट की और देरी होती है। हम इस प्रथा पर अंकुश लगाने की कोशिश कर रहे हैं।''अधिकारी ने बताया कि कल्याण में जिन उपनगरीय लोकल ट्रेनों में चालक दल में बदलाव किया गया था, उनकी संख्या पहले 200 से अधिक थी, लेकिन देरी को रोकने के लिए इस संख्या को कम कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अगर चालक दल में बदलाव नहीं किया जाता है, तो मोटरमैन के काम के घंटों में प्रतिदिन 20-30 मिनट की बढ़ोतरी होगी, जो तनावपूर्ण परिस्थितियों में लगातार 6-7 घंटे काम करते हैं।

# हवाई अड्डे पर एक महिला से 2.67 करोड़ रुपये मूल्य का 3.35 किलोग्राम सोना जब्त



**मुंबई** : राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने यहां छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक महिला से 2.67 करोड़ रुपये मूल्य का 3.35 किलोग्राम सोना जब्त किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि डीआरआई को सूचना मिली थी कि सेलेबी एनएएस एयरपोर्ट सर्विस का एक ग्राउंड हैंडलिंग स्टाफ सदस्य और एयरपोर्ट पर एक ग्राहक सेवा अधिकारी सोने की तस्करी में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि टीम ने एयरपोर्ट के निकास द्वार पर महिला अधिकारी को रोका और उसके पास से पेस्ट के रूप में 3.35 किलोग्राम सोने से भरे दो पैकेट बरामद किए। अधिकारी ने बताया कि अधिकारियों ने ग्राउंड हैंडलिंग स्टाफ के एक सदस्य को भी पकड़ा, जिसने विमान के कचरे की गाड़ी से पैकेट बरामद किए और उन्हें महिला को सौंप दिया, जो अपने एयरोड्रम प्रवेश परमिट (एईपी) का उपयोग करके इसे एयरपोर्ट से बाहर तस्करी कर रही थी। उन्होंने बताया कि आरोपियों को सीमा शुल्क अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है।

# नासिक में 17,000 लोगों के खिलाफ कार्रवाई

## नकदी सहित 49 करोड़ रुपये मूल्य की शराब और सोना भी जब्त!



**मुंबई** : महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से नासिक में पुलिस ने 17,000 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है. इसके साथ ही नकदी सहित 49 करोड़ रुपये मूल्य की शराब और सोना भी जब्त किया गया है. एक जिले से इतनी मात्रा में कैश, सोना और शराब की बरामदगी चौंकाने वाली है. बता दें कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव की घोषणा होने के साथ ही मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट लागू हो चुका है. प्रशासन चुनाव को प्रभावित करने वाले तत्वों के खलिाफ लगातार कार्रवाई कर रहा है. नासिक क्षेत्र के क्क्ष्(स्पेशल) दत्तात्रेय कराले ने बताया कि 15 अक्टूबर को चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद से महाराष्ट्र खतरनाक गतिविधियां रोकथाम (एमपीडीए) और महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) सहित विभिन्न कानूनों के तहत 17,000 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है. उन्होंने बताया कि पुलिस ने अभियान के दौरान 52 असलहे और 183 अन्य हथियार भी जब्त किए हैं. उन्होंने आगे बताया कि कुल जब्ती का मूल्य 49 करोड़ रुपये आंकी गई है. आईजी दत्तात्रेय ने कहा कि महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 84 टुकड़ियों को तैनात किया गया है, ताकि चुनावी प्रक्रिया में किसी भी तरह से खलल न पड़े. उन्होंने बताया कि नासिक पुलिस गुजरात और मध्य प्रदेश की सीमा से लगे इलाकों के आरोपियों का विवरण पड़ोसी राज्यों की पुलिस के साथ साझा कर रही है.

# बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में वांछित शूटर शिवकुमार समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया

**मुंबई**: मुंबई पुलिस और उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में वांछित शूटर शिवकुमार को उत्तरी राज्य से चार अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री सिद्दीकी (66) की 12 अक्टूबर को मुंबई के बांद्रा ईस्ट में उनके बेटे विधायक जीशान सिद्दीकी के कार्यालय भवन के बाहर तीन हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। उनके सीने में दो गोलियां लगीं और उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल ले जाया गया,



जहां उनकी मौत हो गई। हालांकि, मुंबई क्राइम ब्रांच के एक अधिकारी ने कहा कि शिवकुमार समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

यूपी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून व्यवस्था और एसटीएफ) अमिताभ यश ने लखनऊ में संवाददाताओं को बताया कि एसटीएफ और मुंबई क्राइम ब्रांच ने आज (रविवार) शूटर शिवकुमार और उसके चार गुर्गों को बहराइच जिले के नानपारा से गिरफ्तार किया। यश ने कहा कि आरोपी शिवकुमार नेपाल भागने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने बताया कि चार अन्य लोगों अनुराग कश्यप, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, आकाश श्रीवास्तव और अखिलेंद्र प्रताप सिंह को शिवकुमार को शरण देने और नेपाल भागने में मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

# रेलवे ट्रैक पर लोहे की छड़ों से भरा एक बोरा फेंकने के आरोप तीन गिरफ्तार...

**मुंबई** : मुंबई के पश्चिमी उपनगरों में रेलवे ट्रैक पर लोहे की छड़ों से भरा एक बोरा फेंकने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिससे ट्रेन यात्रियों की जान को खतरा हो सकता है। जांचकताओं द्वारा पालघर और मीरा रोड के बीच कई रेलवे स्टेशनों से सीसीटीवी फुटेज की सावधानीपूर्वक समीक्षा करने के बाद यह सफलता मिली।जांचकताओं द्वारा पालघर और मीरा रोड के बीच



कई रेलवे स्टेशनों से सीसीटीवी फुटेज की सावधानीपूर्वक समीक्षा करने के बाद यह सफलता मिली। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यह घटना 6 नवंबर को हुई, जब भायंदर रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर को एक तत्काल अलर्ट मिला। चर्चगेट जाने वाली लोकल ट्रेन चलाने वाले एक मोटरमैन ने पटरियों पर एक संदिग्ध बोरा देखा और ट्रेन को रोक दिया, जिससे एक गंभीर दुर्घटना होने से बच गई। रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारियों ने जांच करने पर बैग के अंदर सात लोहे की छड़ें पाईं। वसई सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) के एक अधिकारी ने कहा, ''बोरे से यात्रियों की जान को खतरा हो सकता था। धमकी के आधार पर, हमने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया और अपनी जांच शुरू की।''जांचकताओं को पालघर और मीरा रोड के बीच कई रेलवे स्टेशनों से सीसीटीवी फुटेज की सावधानीपूर्वक समीक्षा करने के बाद यह सफलता मिली।

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : मंगलवार 12 नवंबर 2024



## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 नवंबर को मुंबई में बड़ी सभा; तैयारियां युद्धस्तर पर

**मुंबई:** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अब ज्यादा दिन नहीं बचे हैं और दोनों प्रमुख गठबंधन, महायुति और महाविकास अघाड़ी, चुनाव प्रचार में पूरी ताकत से जुटे हैं। इन चुनावों में मुकाबला काफी जोरदार हो सकता है, जिसके चलते सभी पार्टियां अपनी रणनीतियां तेज कर रही हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 नवंबर को मुंबई में बड़ी सभा करने वाले हैं। इस सभा को लेकर तैयारियां युद्धस्तर पर जारी हैं। पीएम मोदी के दौरे को लेकर भाजपा पूरी तरह से सक्रिय है और अपनी जीत के लिए प्रचार की गति बढ़ा दी है।

# मुंबई में औसतन प्रति दिन 22 लोग मलेरिया से प्रभावि



**मुंबई :** मलेरिया के मच्छरों ने इस वर्ष मुंबईकरों को काफी परेशान किया हुआ है। राज्य के अन्य जिलों की तुलना में मलेरिया से मुंबई में सबसे अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। बीएमसी स्वास्थ्य विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार, जनवरी से अक्टूबर तक मुंबई में 6491 लोग मलेरिया से प्रभावित हुए हैं। मलेरिया बीमारी प्लाज्मोडियम नामक परजीवी के कारण होती है। मलेरिया मादा एनोफेलीज मच्छर के काटने से होता है, जो प्लाज्मोडियम को शरीर में छोड़ता है। ये मच्छर साफ और स्थिर पानी में पनपते हैं। मुंबई जैस शहर में जहां ड्रम, टांकी और अन्य बर्तनों में पानी को जमा कर रखा जाता है, वहां डेंगी और मलेरिया के मच्छरों को पनपने के लिए अनुकूल वातावरण मिल जाता है।

आरटीआई से मिली जानकारी के अनुसार, इन वर्ष भी मुंबई में मलेरिया के काफी मामले मिले हैं। मुंबई औसतन प्रति दिन 22 मुंबईकर मलेरिया के जद में आए हैं। इस वर्ष सबसे अधिक मामले मुंबई में 6491, उसके बाद गढ़चिरौली में 6061 लोग मलेरिया से संक्रमित मिले हैं।

स्वास्थ्य विभाग से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि बीएमसी के इतना प्रचार प्रसार करने के बावजूद आज भी लोगों के घर और सोसाइटियों से मलेरिया और डेंगी के ब्रीडिंग स्पॉट मिलते हैं। जैसे ही किसी इलाके में मलेरिया से प्रभावित मरीज मिलता है कीटनाशक विभाग के अधिकारी उस क्षेत्र में जाकर ब्रीडिंग स्पॉट खोजते हैं और उसे नष्ट करते हैं। इसके अलावा क्षेत्र में फॉगिंग और ट्रीटमेंट भी किया जाता है ताकि जमा पानी में मच्छर ब्रीडिंग न कर पाए। गौरतलब है कि गत वर्ष मुंबई में 7319 मामले मिले थे, जबकि 2022 में 3985 लोग ही मलेरिया से प्रभावित हुए थे।

एमएमआर में मलेरिया से सबसे अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। आंकड़ों के अनुसार, एमएमआर में कुल 9909 लोग मलेरिया से संक्रमित हुए हैं। इनमें मुंबई में 6491, पनवेल में 791, ठाणे महानगरपालिका में 647, नवी मुंबई में 586, रायगड में 411, कल्याण में 382, मीरा-भाईंदर में 290, ठाणे में 110, वसई-विरार में 85, भिवंडी 72, पालघर में 30 और उल्हासनगर में 15 मरीज मिले।

राज्य में इस वर्ष अब तक मलेरिया संक्रमण के चलते 20 लोगों की मौत हुई है। इनमें से सबसे अधिक मौतें गढ़चिरौली में 11, मुंबई में 5, चंद्रपुर में 2, भंडारा और ठाणे प्रत्येक में एक-एक मौत दर्ज की गई है। बीएमसी स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मलेरिया के लक्षण दिखने पर बीएमसी के किसी डिस्पेंसरी में लोग जा सकते हैं। वहां जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध है।

## मतदान केंद्र में मोबाइल फोन, हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर

**मुंबई :** लोकसभा चुनाव के दौरान वोट देने जाते समय मोबाइल फोन ले जाने के कारण कई मतदाताओं को मतदान केंद्र से वापस लौटना पड़ा। इसकी पुनरावृत्ति विधानसभा चुनाव में नहीं हो, इसके लिए हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। बुजुर्ग मतदाताओं को होने वाली असुविधा से बचाने के लिए मतदान केंद्रों के पास मोबाइल फोन रखने की इजाजत देने की मांग याचिका में की गई है। इस याचिका पर बुधवार १३ नवंबर को सुनवाई होगी। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की असुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उजाला यादव ने एड. जगदीश सिंह



के माध्यम से याचिका दायर की है। आगामी विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को मोबाइल फोन की निकटता के आधार पर मतदान केंद्रों पर मतदान करने से नहीं रोका जाना चाहिए। याचिका में अनुरोध किया गया है कि केंद्रीय चुनाव आयोग और राज्य चुनाव आयोग को निर्देश दिया जाए कि वे मतदाताओं को सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा शुरू किए गएॅ डिजीलॉकर ऐप' के माध्यम से मोबाइल फोन ले जाने और अपना पहचान पत्र दिखाने की अनुमति दें। प्रत्येक मतदाता लोकतंत्र का हिस्सा है। लोक-शाही के लिए हर वोट मायने रखता है। आज के डिजिटल युग में मोबाइल हर जगह जरूरी हो गया है। इस बीच मतदान केंद्रों पर मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगाना और मतदाताओं कोॅ डिजीलॉकर' ऐप के माध्यम से पहचान प्रमाण कीॅ सॉफ्ट कॉपी' दिखाने की अनुमति नहीं देना मतदाताओं के अधिकारों का उल्लंघन है।

## बढ़ती महंगाई के बीच अब प्याज के दामों ने जबरदस्त उछाल...



**मुंबई:** देशभर में बढ़ती महंगाई के बीच अब प्याज के दामों ने जबरदस्त उछाल लगाई है। कई शहरों में प्याज के दाम अचानक ही थोक बाजार में 70 से 80 रुपये किलो तक पहुंच गए हैं। जिन शहरों में यह बढ़ोतरी देखने को मिली है, उनमें राजधानी दिल्ली और देश की आर्थिक राजधानी मुंबई भी शामिल हैं। चौंकाने वाली बात हाल ही में थोक बाजार में प्याज की कीमत 40-60 रुपये प्रति किलो तक थी। हालांकि, इस बढ़ोतरी ने उपभोक्ताओं के आंसू निकालने जरूर शुरू कर दिए हैं।

दिल्ली के बाजार में एक सब्जी विक्रेता ने बताया- ''प्याज के दाम 60 से 70 रुपये किलो पहुंच गए हैं। हम इसे मंडी से लेते हैं, इसलिए हमें जिस भी कीमत पर प्याज मिलते हैं, वही यहां हमारी तरफ से प्याज बेचने के दाम पर असर डालता है। दामों के बढ़ने की वजह से प्याज की बिकवाली में भी कमी आई है, लेकिन लोग इसे फिर भी कुछ हद तक खरीद रहे हैं, क्योंकि यह यहां खाने का अहम हिस्सा है।''

एक खरीदार फैजा ने प्याज की कीमतों पर अपनी परेशानी का जिक्र करते हुए कहा, ''मैंने प्याज 70 रुपये प्रति किलो पर खरीदे हैं, जबकि सीजन के मुताबिक इनकी कीमतें कम होनी चाहिए थीं। लेकिन ये तो बढ़ गई हैं। इनसे खाने में हमारी आदतें बदल रही हैं। मैं सरकार से अपील करती हूं कि कम से कम रोजमर्रा में खाई जाने वाली सब्जियों के दाम तो कम करें।'' 8 नवंबर को दिल्ली में प्याज की कीमतें करीब 80 रुपये प्रति किलो तक हैं। कई और राज्यों में भी प्याज के दाम बढ़े हैं। मुंबई में कई बाजारों में प्याज 70 से 80 रुपये किलो में मिल रहा है। यहां एक खरीदार डॉ. खान ने बताया कि प्याज और लहसुन के दाम कई गुना बढ़ चुके हैं।

## ठाणे में पुलिस हिरासत से भागने के बाद फरार व्यक्ति लखनऊ से गिरफ्तार



**ठाणे :** उत्तर प्रदेश के विशेष कार्य बल ने महाराष्ट्र के ठाणे में पुलिस हिरासत से भागने के बाद फरार हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने एक बयान में बताया कि प्रिंस कैलाश विश्वकर्मा को 5 नवंबर को ठाणे जिले के चितलसर मनपाड़ा इलाके में दो पिस्तौल रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उसी रात वह चितलसर मनपाड़ा पुलिस थाने की हिरासत से भागने में सफल रहा। बयान में बताया गया कि ठाणे पुलिस ने मामले के संबंध में उत्तर प्रदेश एसटीएफ से मदद मांगी थी।

## कांग्रेस ने 28 बागी उम्मीदवारों पर एक्शन लिया, 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित

**मुंबई :** महाराष्ट्र की सभी 288 विधानसभा सीटों पर एक ही चरण में 20 नवंबर को वोटिंग होने वाली है. उससे पहले महा विकास अघाड़ी में शामिल कांग्रेस ने बागी उम्मीदवारों पर बड़ा एक्शन लिया है. कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई ने रविवार को 28 बागी उम्मीदवारों को 'पार्टी विरोधी' गतिविधियों के कारण छह साल के लिए निलंबित कर दिया. राज्य के 22 विधानसभा क्षेत्रों में ये उम्मीदवार 20 नवंबर को होने वाले चुनाव में महा विकास आघाड़ी के आधिकारिक उम्मीदवारों के खिलाफ मैदान में हैं. जिन प्रमुख नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की गई है, उनमें पूर्व मंत्री राजेंद्र मुलक (रामटेक निर्वाचन क्षेत्र), याज्ञवल्क्य जिचकर (काटोल), कमल व्यवहारे (कसबा), मनोज शिंदे (कोपरी पचपखडी) और आबा बागुल (पार्वती) शामिल हैं. कांग्रेस के एक बयान में कहा गया है कि यह निर्णय एआईसीसी प्रभारी रमेश चेन्निथला के निर्देश पर लिया गया है. जिन बागी उम्मीदवारों को पार्टी से निष्कासित किया गया है, उनमें सिंदखेडा से बागी शामकांत सनेर, श्रीवर्धन से राजेंद्र ठाकूर, पर्वती से आबा बागुल, शिवाजीनगर से मनीष आनंद, परतूर से सुरेश कुमार जेथलीया और कल्याण बोराडे, रामटेक सीट से चंद्रपाल चौकसे, सोनल कोवे, मनोज सिंधे, अविनाश लाड, आनंदराव गेदाम, शब्बीर खान, हंसकुमार पांडे, मंगल भुजबल, अभिलाषा गावतुरे, कमल व्यवहारे, मोहनराव दांडेकर, प्रेमसागर गणवीर, याज्ञवल्क्य जिचकर, अजय लांजेवार, राजेंद्र मुलक, विजय खडसे और विलास पाटिल का नाम शामिल हैं.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com